Covid In India: 200 मरीजों में से 1 को पड़ रही ऑक्सीजन की जरूरत, 90% बेड खाली

भारत में कोविड मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है. . (File pic)

AHPI के महानिदेशक डॉ गिरधर जे. ज्ञानी ने News18.com को बताया 'महाराष्ट्र में बेड ऑक्यूपेंसी लगभग 9 से 10 फीसदी है, जबकि दिल्ली में यह 10 फीसदी से कम है. दिल्ली के शीर्ष अस्पतालों ने बताया है कि फिलहाल लगभग 8 से 9% बेड्स पर मरीज भर्ती हैं.'

अधिक पढ़ें ...

- NEWS18HINDI
- LAST UPDATED : JANUARY 04, 2022, 10:58 IST

हिमानी चंदना

नई दिल्ली. देश भर के निजी अस्पतालों के डेटा से यह जानकारी सामने आई है कि **200 कोविड -19 रोगियों (Covid 19 In India)** में से एक को ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ रही है. निजी अस्पतालों की एक संस्था- एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (AHPI) ने बताया कि कोविड -19 के कारण अस्पताल में भर्ती कुल रोगियों में से 0.5% से भी कम को ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत है. हालांकि दूसरी लहर में ऑक्सीजन की मांग तेजी से बढ़ी थी. निजी अस्पतालों और AHPI के आंकलन के अनुसार अस्पताल में मरीज औसतन तीन दिन रहते हैं.

दिल्ली और महाराष्ट्र के अस्पतालों में 90 फीसदी से अधिक बेड्स खाली हैं. AHPI के महानिदेशक डॉ गिरधर जे. ज्ञानी ने News18.com को बताया 'महाराष्ट्र में बेड ऑक्यूपेंसी लगभग 9 से 10 फीसदी है, जबकि दिल्ली में यह 10 फीसदी से कम है. दिल्ली के शीर्ष अस्पतालों ने बताया है कि फिलहाल लगभग 8 से 9% बेड्स पर मरीज भर्ती हैं.'

दूसरी लहर के दौरान भारत को ऑक्सीजन की कमी से दिक्कतों का सामना करना पड़ा था. डॉक्टर ज्ञानी ने कहा 'यही कारण है कि हमने अस्पतालों में ऑक्सीजन के उपयोग पर नजर रखना शुरू कर दिया है, जबकि अधिकांश अस्पतालों ने अपने खुद के ऑक्सीजन प्लांट्स भी स्थापित किए हैं.'

एसोसिएशन अस्पतालों में ऑक्सीजन की आवश्यकता की निगरानी करेगी और सरकार को सूचित करेगी कि यह 5 प्रतिशत के करीब है या इससे अधिक है. डॉक्टर ने कहा 'फिलहाल 0.5% कोविड -19 रोगियों को ऑक्सीजन की जरूरत है. जब भी यह 5 प्रतिशत से अधिक होगा और बिस्तरों पर मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक होगी, हम सरकार को सावधान करेंगे.'

देश में ओमिक्रॉन के मामले बढ़कर 1,892 हुए

देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोरोना वायरस के नए वेरिएंट 'ओमिक्रॉन' के अब तक 1,892 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 766 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं या विदेश चले गए हैं. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक नये वेरिएंट के महाराष्ट्र में सबसे अधिक 568 मामले सामने आए और इसके बाद दिल्ली में 382, केरल में 185, राजस्थान में 174, गुजरात में 152, और तमिलनाडु में 121 मामले सामने आए हैं.

मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोविड-19 के 33,379 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,49,60,261 हो गई है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,71,830 पर पहुंच गई है.